## एक नजर

### कर्मचारी संघ ने ईई से पूछा वेतन न आने का कारण

**शाहजहांपुर।** पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ ने अधिशासी अभियंता को पत्र भेजकर अब तक वेतन न आने का कारण पूछा है। साथ ही ईद से पहले वेतन दिलाने की मांग की है। अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-एक लोक निर्माण विभाग के नाम दिए पत्र में की ओर से कहा गया है कि 11 अप्रैल को ईद उल फितर का त्योहार है। निर्माण खंड- एक में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भुगतान ईई के उदासीन रवैया के कारण अब तक नहीं मिल पाया है। जिससे कर्मियों में भारी रोष है। जबकि निर्माण खंड- 2 और प्रांतीय खंड में 03 अप्रैल को ही कर्मचारियों का वेतन भुगतान हो गया है। आखिर किस कारण वेतन का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ईद से पहले वेतन का भुगतान कराने की मांग भी की है। पत्र देने वालों में जिला अध्यक्ष ठाकुर सर्वेश सिंह, जिला मंत्री इंतज़ार अली आदि शामिल रहे। संघ की ओर से प्रति जिला अधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष पीडब्ल्यूडी नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ बरेली, अधीक्षण अभियंता बरेली व्रत को भी भेजी गई है।

### शिक्षकों की समस्याओं पर की चर्चा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सोमवार को बीआरसी लालपुर में मासिक बैठक हुई। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा के साथ संगठन को मजबूत बनाने और संघ की रणनीति पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मुनीश कुमार मिश्र, कोषाध्यक्ष रवींद्र पाल प्रजापति, सौरभ अवस्थी, दाताराम वर्मा, ओपी राजपूत, मुकेश कटियार, रूपेश द्विवेदी, जुल्फिकार अली, नीरज शुक्ला, उमाशंकर मौर्य, मो. अनीस, अवधेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### सफाई व्यवस्था में लापरवाही न करें कर्मचारी

**शाहजहांपुर।** ईद-उल-फितर के दृष्टिगत महानगर में स्थित बड़े ईदगाह, छोटी ईदगाह सहित सभी मस्जिदों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था, जलापूर्ति व मार्ग प्रकाश व्यवस्था को ठीक रखने के संबंध में नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्रा निर्देशन में सोमवार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने महानगर क्षेत्र के बड़े ईदगाह का निरीक्षण कर उपस्थिति में स्वच्छता कर्मियों की ओर से साफ-सफाई कराई। निर्देशित किया कि ईद के अवसर पर सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाए। निरीक्षण के समय क्षेत्रीय सफाई नायक आदि मौजूद रहे।

# वासंतिक नवरात्र: आज घर-घर होगा आदिशक्ति मां भगवती का आगमन

## चैत्र नवरात्र पर मां भगवती की उपासना के लिए दिनभर चलीं तैयारियां



मंदिर में मां भगवती का शृंगार करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार



चौक क्षेत्र में एक दुकान पर चुनरी और शृंगार सामग्री खरीदतीं महिलाएं।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- माता दुर्गा की चुनरी और शृंगार सामग्री की हुई खरीदारी
- मंदिरों में हुई सजावट, माता के स्वरूपों का हुआ शृंगार

**अमृत विचार:** आदिशक्ति मां भगवती की उपासना का महापर्व वासंतिक नवरात्र आज से आरंभ हो रहे हैं। सोमवार को नवरात्र में घर-घर कलश स्थापना और पूजा-पाठ की तैयारियां जोरशोर से चलती रही। महिलाओं ने बाजार में माता रानी के लिए चुनरी, श्रृंगार सामग्री, फलाहार, कलश आदि की खरीदारी की। मंदिरों को भी सजाने-संवारने का काम दोपहर बाद से शुरू हो गया। नवरात्र को लेकर मां भगवती के भक्तों में खासा उत्साह है।

हिंदू धर्म में नवरात्र का बहुत महत्व माना जाता है। इस दौरान लोग उपवास रखकर घरों में विधि-विधान से कलश स्थापना करते हैं और मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों का आवाहन कर उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। सोमवार को महिलाएं नवरात्र के लिए घरों में पूजा घर सजाने में जुटी रहीं। बाजार में पूजन सामग्री, श्रृंगार सामग्री, चुनरी, कलश आदि की खरीदारी को श्रद्धालु उमड़ते रहे। दुकानों पर महिलाओं की भारी भीड़ जुटी देखी गई। शहर में मंडी चौक, मां दुर्गा मंदिर, मां काली मंदिर, मंडी मोड़, बहादुरगंज आदि क्षेत्रों में पूजन सामग्री की दुकानें लग चुकी हैं, जिन पर जोरशोर से खरीददारी चल रही है। वहीं, बिसरात घाट के प्रख्यात मां काली मंदिर, मंडी में श्री दुर्गा मंदिर, बक्सरियां में श्री दुर्गा रतन मंदिर, लाल इमली चौराहा स्थित संकट मोचन मंदिर, बाबा विश्वनाथ मंदिर, बृज विहार कालोनी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में नवरात्र को लेकर भव्य सजावट की जा रही है।

मंदिरों में पुजारी और श्रद्धालु महिलाएं मां भगवती की मूर्तियों का श्रृंगार करने में जुटी हैं। नगर निगम की ओर से मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर आयुक्त डॉ. विपिन मिश्रा ने मंदिरों के मुख्य द्वार पर चूना छिड़काव के भी निर्देश दिए हैं। वहीं, सुरक्षा के दृष्टिकोण से प्रमुख मंदिरों में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे।

### पूर्वाह्न 11.36 बजे से है कलश स्थापना का मुहूर्त

श्री दुर्गा रतन मंदिर बक्सरियां के पुजारी ज्योतिषाचार्य पंडित अवधेश मिश्र ने बताया कि चैत्र नवरात्र के पहले दिन घरों में कलश स्थापना का बहुत महत्व है। प्रतिपदा पर कलश स्थापित करने का शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त ही है, जिसके अंतर्गत पूर्वाह्न 11.36 बजे से दोपहर 12.24 बजे तक कलश स्थापना की जा सकती है। साथ ही विकल्प के रूप में वैधृति योग 3.17 के बाद सूर्यास्त 6.14 तक भी कलश स्थापना की जा सकती है। मान्यता है कि मुहूर्त पर कलश स्थापना करके माता रानी का पूजन और पाठ करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। माता रानी के भक्त स्नानादि से निवृत्त होकर कलश पर रोली से स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर उसमें शुद्ध ताजा जल अथवा गंगाजल भरकर शुद्ध स्थान पर स्थापित करें। कलश किसी चौकी, रेत अथवा मिट्टी पर ही स्थापित किया जाना चाहिए। मिट्टी और रेत में जौं बोए जाना भी उचित रहता है। कलश के ऊपर चावल से भरा पात्र रखकर उस पर लाल कपड़े से लपेट कर नारियल या माता रानी की चुनरी लपेटनी चाहिए।



ज्योतिषाचार्य पंडित अवधेश मिश्र।

# जनता को जागरूक करेंगे मतदाता सुविधा पोस्टर

कार्यालय संवाददता, शाहजहांपुर




मतदाता सुविधा पोस्टर।

- 2481 मतदेय स्थलों पर मतदाता सुविधा पोस्टर लगाने के निर्देश
- पोस्टर में नो फोन, नो स्मोकिंग के चिह्न दर्शाए गये हैं

**अमृत विचार:** जनता को जागरूक करने के लिए 2481 मतदेय स्थलों पर जागरुकता पोस्टर लगाए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इसके लिए आदेश जारी कर दिया है। जिला प्रशासन जागरुकता पोस्टर लगाने की तैयारी कर रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की ओर से जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजा गया है। जिसमें जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर मतदाता सुविधा पोस्टर लगाए जाने को कहा गया है। रिटर्निंग ऑफिसर ने जिले के सभी 2481 मतदेय स्थलों पर मतदाता सुविधा पोस्टर लगाए जाने को पत्राचार किया है। पोस्टर में नो फोन, नो स्मोकिंग, नो फायर आर्म्स, नो फोटोग्राफी आदि के चिन्ह दर्शाए गये है। साथ ही मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 लिखा गया है। जोकि चुनाव में काफी मददगार साबित होगा। वोट डालने के लिए मतदान किस-किस आईडी कार्ड के उपयोग कर सकते हैं इसका भी जिक्र पोस्टर में किया गया है। जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक/डाकघरों की ओर से जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, स्मार्ट कार्ड, पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी सरकारी पहचान पत्र और यूनिक आईडी, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार। एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडे ने बताया कि पोस्टर से यह पता चलेगा कि मतदान के दौरान क्या कार्य करने हैं और क्या नहीं करना है। इसी तरह के अन्य जागरूकता संदेश भी पोस्टर से समझाए जाएंगे।

# मतदान कार्मिकों को ड्यूटी बांटी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव को लेकर सोमवार को विकास भवन सभागार में कार्मिकों को ड्यूटी बांटी गई। प्रशिक्षण 15,16 और 18 अप्रैल को सेंट पाल्स स्कूल में होगा।

सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह के निर्देशन में 11,888 कार्मिकों को ड्यूटी बांटी गई। इनमें लोकसभा चुनाव के लिए पीठासीन और मतदान अधिकारी के साथ दो कार्मिकों को प्रति मतदेय स्थल ड्यूटी सौंपी गई है। ददरौल विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव को लेकर प्रति मतदेय स्थल एक पीठासीन व मतदान अधिकारी व तीन अन्य कार्मिकों को ड्यूटी बांटी गई है। इनमें से 10 प्रतिशत कार्मिक रिजर्व रहेंगे। 15,16,18 अप्रैल को मतदान व पीठासीन अधिकारियों को सेंट पॉल्स स्कूल में प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्यूटी के वितरण के समय डीडीओ पवन सिंह और पीडी डीआरडीए अवधेश राम मौजूद रहे। डीडीओ पवन सिंह ने बताया कि सेंट पॉल्स स्कूल में प्रशिक्षण प्रथम पाली में सुबह 9.30 से 12.30 तक और द्वितीय पाली में दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होगा। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# नवरात्र आज से सज गए देवी मंदिर

**रोजा, अमृत विचार:** चैत्र नवरात्र की शुरुआत आज से होगी। इसके लिए क्षेत्र के देवी मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई हैं। नवरात्र को लेकर बाजारों में दुकानें पूजा अर्चना के सामान से सज गईं हैं। घरों में नौ दिनों तक माता का दरबार सजाने के लिए तैयारी चल रही है। भोलेश्वर नाथ धाम मंदिर, आस्था मंदिर, मालगोदाम स्थित शिव मंदिर, मंडी में बेल बाबा मंदिर, बल्लियां स्थित मनकामेश्वर मंदिर, निवाजपुर में सतीश्वर नाथ मंदिर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। दुकानदार नीरज कश्यप ने बताया कि नवरात्र को लेकर लोगों में उत्साह है।

# फेस पेंटिंग कर दिया वोट डालने का संदेश



आर्य महिला महाविद्यालय में फेस पेंटिंग किए छात्राएं। ● अमृत विचार




राजकीय उच्चतर माध्यमिक कॉलेज शाहबाजनगर में पोस्टर दिखाते विद्यार्थी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शिक्षण संस्थाओं में चला पोस्टर और स्लोगन प्रतियोगिताओं का सिलसिला
- जीएफ कॉलेज में छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को किया जागरूक

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन की प्रेरणा से जनपद में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत सोमवार को शिक्षण संस्थाओं में ड्राइंग, स्लोगन, फेस पेंटिंग आदि प्रतियोगिताएं कराई गईं। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालयों, माध्यमिक विद्यालयों समेत परिषदीय प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया।

छात्र-छात्राओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जहां प्रेरणाप्रद स्लोगन लिखे, वहीं ड्राइंग के माध्यम से वोट डालने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने अपने चेहरे पर भी पेंटिंग बनवाकर लोगों को मतदान का महत्व समझाया और 13 मई को लोकसभा निर्वाचन में सारे काम छोड़कर पहले वोटिंग करने का संदेश दिया। फेस पेंटिंग में छात्र-छात्राओं ने खासा उत्साह दिखाया। खास बात यह रही कि परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने भी इन प्रतियोगिताओं में उत्साह दिखाते हुए सहभागिता की। उधर, डीआईओएस हरिवंश कुमार के निर्देश पर राजकीय माध्यमिक कॉलेजों और महाविद्यालयों में भी छात्र-छात्राएं प्रतियोगिताओं के माध्यम से मतदाताओं को वोट डालने का संदेश देते रहे। प्रधानाचार्य दीपक दीक्षित, डॉ. ब्रजेश कुमार आदि का सहयोग रहा।

आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को स्वीप अभियान के तहत चुनाव का पर्व-देश का पर्व शीर्षक के अनुरूप स्लोगन, पोस्टर, फेस पेंटिंग प्रतियोगिताएं कराई गईं। असिस्टेंट प्रोफेसर ऋतु शर्मा, डॉ. रानू दुबे, शालिनी पाठक, शालिनी श्रीवास्तव की देखरेख में चलीं प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने फेस पेंटिंग में खासा उत्साह दिखाया और एक-दूसरे के चेहरे पर आकर्षक पेंटिंग बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. सुनीता जैसल ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। ऋतु शर्मा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है। सभी को वोट देने का अधिकार है। प्रतियोगिता में श्रुति, श्यामा, शिवानी, श्रद्धा, सलोनी, शिल्पी, अनुराधा, प्रतिज्ञा, संध्या, सौम्या, सुषमा, ऋषभ आदि का सहयोग रहा।



जीएफ कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य डॉ. मो. तारिक। ● अमृत विचार

## ड्राइंग में साक्षी और फेस पेंटिंग में प्रिया विजयी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत ड्राइंग, स्लोगन एवं फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में एमए फाइनल की छात्रा साक्षी ने प्रथम, एमए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रगति प्रजापति ने द्वितीय और एमए द्वितीय वर्ष की सुहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विकास प्रजापति एवं सुनिष्ठा शुक्ला को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वहीं, फेस पेंटिंग में प्रिया शर्मा ने प्रथम और आदित्य ने द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता की शुरुआत प्राचार्य डॉ. मोहम्मद तारिक ने किया। प्राचार्य ने कहा कि वोट देना हर व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है। प्रजातंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी मतदाताओं को अपने अधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। निर्णायक मंडल में ड्राइंग पेंटिंग विभागाध्यक्ष की मखफी फातिमा एवं विदुषी शामिल रहीं। संचालन डॉ. रईस अहमद ने किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद शोएब, डॉ. कौसर जमाल, डॉ. समन जेहरा जैदी आदि का सहयोग रहा।



आर्य महिला कॉलेज में फेस पेंटिंग कराती एक छात्रा।



हाथों पर मेहंदी लगाकर दिया मतदान करने का संदेश। ● अमृत विचार

## मतदाताओं को जागरूक करने की ली शपथ

**सिंधौली।** मॉडल ग्राम पंचायत भटपुरा रसूलपुर स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में सोमवार को मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सभी अध्यापिकाओं ने शपथ ली। स्कूल के प्रांगण में कई कार्यक्रम हुए। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी, स्लोगन प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक का आयोजन करते हुए 13 मई को वोट करने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगाकर मतदान करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका हिना खान सहित अध्यापिका लक्ष्मी गुप्ता, मंजू, संध्या पांडे, देवीना गुप्ता, प्रभा, अंजली यादव, मंतशा, सुनीता, रुबीना, शिप्रा श्रीवास्तव, अन्फशा अख्तर, साइमा खान, प्रियंका भारती, निदा नाज, नाइमा नइम, सीमा ढींगरा, फिजा नाज, शाहीन, अमिस कुमारी, सीमा कुमारी, सुमन यादव आदि मौजूद रहे।

## जागरूक बनें मतदाता, तहसील में बनाया सेल्फी प्वाइंट



जलालाबाद तहसील में सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी लेते लोग। ● अमृत विचार

**जलालाबाद।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए तहसील में सेल्फी प्वाइंट बनाया गया। जिसकी शुरुआत तहसीलदार पैगाम हैदर ने किया। सेल्फी प्वाइंट पर लोगों ने सेल्फी लेकर दूसरों को भी मतदान के लिए प्रेरित किया। 13 मई को होने वाले शाहजहांपुर लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोट डालने की अपील की जा रही है। इसी के तहत तहसील जलालाबाद मुख्यालय पर बैनर, स्टैंप व सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी डॉ. रविंद्र कुमार कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है। सभी मतदाता युवा, महिला व पुरुष बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। मतदान के दिन हर काम छोड़कर चुनाव के पर्व को मनाएं। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अजय कुमार राय एवं जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।



## चैत्र नवरात्र आज से

चैत्र नवरात्र मंगलवार 9 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं। बुधवार को माता का आगमन अश्व पर और 17 अप्रैल को प्रस्थान हाथी की सवारी से होगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है। रामनवमी 17 अप्रैल को है। 18 अप्रैल को नवरात्र का पारण होगा।

### प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री को प्रसन्न करने के लिए यह बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र-ह्रीं शिवायै नमः।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग

हर समझदार गृहणी की पसन्द

51/71, नारायन प्लाज़ा, नयागंज, कानपुर

फोन: 9519456555, 9695416555

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

सुशीला देवी
प्रधान



संजीव कुमार शुक्ला
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत पटई वि.खं. सिंधौली, शाहजहांपुर


# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत तीन की मौत, दो लोग घायल

## जलालाबाद में शिक्षक के बेटे की बाइक में कार ने मारी टक्कर, पुवायां में ट्रक ने महिला को कुचला, परिजनों में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** अलग-अलग स्थानों पर हुई दुर्घटनाओं में महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि लखीमपुर खीरी के दो भाई घायल हो गए। जलालाबाद में बाइक से दवा लेने जा रहे शिक्षक के बेटे को कार ने टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

वहीं पुवायां में राजीव चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उधर, पुवायां में ही मोहम्मदी मोड़ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो भाई घायल हो गए। बंडा क्षेत्र में भाई की शादी के कार्ड बांटने आए युवक की बाइक में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**जलालाबाद।** क्षेत्र के गांव खेड़ा बहादुरपुर निवासी वीरेंद्र सिंह बरेली के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक हैं। उनके दो बेटे और दो बेटियां हैं। उनका बड़ा बेटा वैभव सिंह(18) रविवार सुबह करीब आठ बजे बाइक लेकर खाईखेड़ा चौराहे से बुखार की दवा लेने के लिए जा रहा था। वैभव अपने गांव की मोड़ से बरेली हाईवे पर पहुंचा ही था, तभी जलालाबाद से बरेली जा रही तेज रफ्तार एक कार ने उसकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक समेत उछलकर सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस कार की तलाश कर रही है।



मृतक वैभव।

**पुवायां।** गांव रहदेवा निवासी गुड्डी देवी(50) पत्नी सुलेख सोमवार दोपहर पुवायां दवा लेने के लिए आई थी। वह नगर के प्रमुख चौराहे राजीव चौक को पार कर रही थी, तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रक आ गया और गुड्डी उसकी चपेट में आ गईं। वह ट्रक की साइड लगने पर सड़क पर जैसे ही गिरी, तभी ट्रक का पहिया उनके सिर को कुचलता हुआ आगे निकल गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई। जिससे राजीव चौक पर जाम लग गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। वहीं कस्बा चौकी प्रभारी वरिष्ठ उप निरीक्षक शक्तावत सिंह ने बताया कि राजीव चौक पर महिला को कुचलकर भाग रहे गन्ने के खाली ट्रक को बड़ागांव

- भाई की शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा पीलीभीत का युवक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आया

पुलिस चौकी के पुलिस कर्मचारियों ने पकड़ लिया। ट्रक चालक भाग गया। जिसकी तलाश की जा रही है। उधर, मोहम्मदी रोड पर इमलिया गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो भाइयों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई घायल हो गए। दोनों को 108 एंबुलेंस से पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा गया। जहां डॉक्टर ने गंभीर घायल सचिन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भाई को होश नहीं आया। सचिन गांव रसूलपुर थाना पसगवा जिला लखीमपुर खीरी का रहने वाला है। वह भाई के साथ अपनी रिश्तेदारी में निगोही गया था, वापस अपने गांव को जा रहा थे, तभी इमलिया गांव के निकट उनकी बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

**बंडा।** पीलीभीत के थाना माधौटांडा के गांव भैरों कलां निवासी किशनलाल का पुत्र ओमप्रकाश(35) छोटे भाई की शादी के कार्ड बांटने के लिए बंडा में रिश्तेदारी में आया था। सोमवार सुबह करीब 11 बजे वह गांव नटिउरा निवासी अपने साढू अरविंद कुमार के घर से शादी के कार्ड बांटकर वापस जा रहा था। बिलसंडा मार्ग पर ढका मोड़ के पास उसकी बाइक में ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। राहगीरों ने बंडा पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बंडा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### चौराहे से गुजरते हैं तेज रफ्तार वाहन

**पुवायां।** राजीव चौक पर ट्रक से कुचलकर महिला की मौत पर भीड़ में मौजूद लोगों का कहना था कि यहां पर पुलिस की ड्यूटी इसलिए लगाई जाती है, ताकि चौराहे से तेज रफ्तार कोई वाहन न गुजरे और जाम न लगने पाए लेकिन पुलिस यहीं दोनों काम नहीं कर पा रही है। इसी का नतीजा यह हुआ कि महिला गुड्डी देवी की जान चली गई।



मृतक ओमप्रकाश



मृतका गुड्डी देवी



घटना के बाद पुवायां के राजीव चौक पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### शादी की खुशियों को लग गया ग्रहण

**बंडा।** ओमप्रकाश के छोटे भाई की शादी 19 अप्रैल को है, परिवार में शादी की तैयारियां चल रही थीं। ओमप्रकाश व परिवार के अन्य लोग रिश्तेदारों को कार्ड भी बांट रहे थे। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे ओमप्रकाश की मौत की सूचना परिवार वालों को मिली तो वह लोग भी बंडा सीएचसी पहुंच गए। जहां ओमप्रकाश के शव को देख कर रोने-बिलखने लगे। परिजनों के पहुंचने के बाद ही पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं ओमप्रकाश की मौत पर उसकी पत्नी बंटी देवी, पुत्री आराध्या, आरोही और पुत्र पीयूष का रो-रोकर बुरा हाल है।



बंडा सीएचसी पर गुमसुम बैठीं मृतक ओमप्रकाश के परिवार की महिलाएं।

# आग से झुलसे सफाई कर्मचारी की मौत

- तीन दिन पहले पौत्री ने तोड़ दिया था दम, अब तक परिवार में हो चुकी हैं दो मौतें
- हालत गंभीर होने पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज किया गया था रेफर, वहीं तोड़ा दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला दिलाजाक में सफाई कर्मचारी के घर हुए धमाके में आग से सफाई कर्मचारी समेत परिवार के पांच लोग झुलस गए थे। सफाई कर्मचारी व उसका बेटा लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती थे। इलाज के दौरान सफाई कर्मचारी की मौत हो गई। तीन दिन पहले सफाई कर्मचारी की पौत्री की मौत हो चुकी है। तीन लोगों का इलाज चल रहा है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला दिलाजाक निवासी नगर निगम के सफाई कर्मचारी भैयालाल के मकान में एक सप्ताह पूर्व सुबह चार बजे धमाका हुआ था। इस दौरान लोहे का एक दरवाजा टूटकर सामने वाले घर की दीवार पर जाकर गिरा था। आग से भैयालाल, उनका पुत्र अनुज, पुत्र की पत्नी रोहणी, दो बेटी अनुष्का व इंशिका झुलस गई थी।

पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना किया था। अधिकारियों ने कहा था कि सफाई कर्मचारी भैयालाल गैस चूल्हा जला रहे थे और अचानक आग लग गई थी। आग से झुलसे सभी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। भैयालाल व उसके बेटे अनुज की हालत गंभीर होने पर लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया था। जबकि अनुज की बेटी अनुष्का की तीन दिन पूर्व यहां के मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। जबकि उसकी पत्नी रोहणी व बेटी इंशिका का उपचार चल रहा है। इधर सोमवार सुबह 11 बजे सफाई कर्मचारी भैयालाल की इलाज के दौरान लखनऊ मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद लखनऊ शव घर पहुंचते ही परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि भैयालाल की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई है। तीन लोगों को इलाज चल रहा है।

## ऑटो चालक को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर।** बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना के अतू नगला निवासी आकाश ने बताया कि रविवार सुबह नौ बजे वह अपना आटो लेकर घर आ रहा था। रास्ते में जैतीपुर थाना क्षेत्र के खेड़ा रठ गांव के सामने मनवीर निवासी खेड़ा रठ थाना जैतीपुर आदि ने आटो रुकवाया। आरोपी उसको गाली देने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने चालक को पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपी मनवीर तथा तीन अज्ञात के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# खाते से रुपये कटने पर दोस्तों के साथ मिलकर रचा था षड्यंत्र



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। मामले की जानकारी देते एएसपी सिटी संजय कुमार, सीओ सिटी सौम्या पांडेय। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** एसपी ने एसओजी, सर्विलांस टीम तथा चौक कोतवाली में टीम का गठन कर जल्द छात्र के अपहरण के खुलासे के निर्देश दिए थे। एसओजी तथा पुलिस अपहृत आरिज की तलाश में जुटी हुई थी। एसओजी तथा कोतवाली पुलिस ने उसे सोमवार की दोपहर दो बजे नगरिया मोड़ के पास से ढाबे से बरामद कर लिया। उसका मोबाइल भी उसकी निशानदेही पर ढूंढ निकाला था। मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्त आरिज ने स्वीकार किया कि दो दोस्त राजा व अरबाज के साथ षड्यंत्र रचा था।

सीओ सिटी सौम्या पांडेय ने बताया कि आरिज ने पूछताछ के दौरान बताया कि सात अप्रैल को कोचिंग से घर जाने के लिए निकला था। कुवैत से उसके पिता उसके खाते में सारा पैसा भेजते थे। एक माह पहले ऑनलाइन गेमिंग के दौरान उसके खाते से एक लाख 80 हजार रुपये कट गए थे। वापसी का कोई जरिया नहीं था। उसने उसी दिन हरदोई में एक होटल के बाहर अपने दो दोस्त राजा व अरबाज के सहयोग से अपहरण कर फिरौती मांगने की योजना बनाई थी। तीनों लोग सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक होटल में रुके थे। होटल के बाहर से राजा ने उसके ताऊ सगीर खां से पांच लाख रुपये फिरौती की मांग की थी। अपहरण की खबर से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया। जबकि उसके दोनों दोस्तों को हरदोई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीम में एसओजी प्रभारी आरपी सिंह, प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर, उप निरीक्षक रोहित कुमार, अरविंद कनौजिया थे।

- आरिज ने अपने अपहरण की कहानी रचकर पांच लाख की मांगी थी फिरौती

### रुपये का इंतजार कर रहा था छात्र

सीओ सिटी ने बताया कि फिरौती मांगने के बाद छात्र के दोनों दोस्त राजा व अरबाज हरदोई चले आए थे। पहले पांच लाख रुपये और बाद में एक लाख 80 हजार रुपये फिरौती मांगी थी। जब तक रुपये मिलते आरिज समय बिताने ट्रेन से बरेली चला गया था। उसके बाद बरेली में सैटेलाइट से बस पकड़कर बरेली मोड़ पर एक ढाबे के पास आ गया था। ढाबे के पास एक गड्ढे में उसने अपना मोबाइल फोन डाल दिया था। ताकि परिवार वालों को बता सकूं कि अपहरण करने वालों ने उसका मोबाइल कहीं फेंक दिया था।

## गांव हरिहरपुर सिमरा में सर्पदंश से युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** खुदागंज थाना क्षेत्र के गांव हरिहरपुर सिमरा निवासी प्रवेश सिंह (28) शनिवार की शाम पांच बजे खेत पर गया था। जहां सर्प ने उसके पैर में डस लिया। उसी के सामने सांप निकलता हुआ गया तो वह चिल्लाने लगा। वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को बताया। परिवार वाले उसे एक डॉक्टर के यहां ले गए। जहां डॉक्टर ने प्रवेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसकी पत्नी का नाम संगीता है और दो बेटी है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## हादसे में बाइक सवार युवक घायल, भर्ती

**पुवायां।** निगोही रोड पर राजीव चौक के निकट दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत होने पर एक बाइक सवार सुमित कुमार निवासी गांव जठियापुर घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# बरेली के व्यापारी और उसके अज्ञात साथियों पर रंगदारी मांगने की रिपोर्ट दर्ज

- कोर्ट के आदेश पर चौक कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई विवेचना शुरू
- चोरी गई सोने की अंगूठी आदि की अदायगी के बाद माल की शुद्धता को लेकर उठा विवाद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर के एक सोने-चांदी जेवर के कारीगर ने बरेली के व्यापारी पर साथियों के साथ मिलकर घर में घुसकर गाली-गलौज, धमकी दिए जाने और पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित कारीगर ने कोर्ट के आदेश पर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी निवासी प्रभाकर वर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह सोने-चांदी की कारीगरी का काम घर से करता है। 10 मार्च 2022 को अयोध्या के बाजार में सोने की अंगूठी आदि जेवर बेचने जा रहा था। सुबह के समय ट्रेन के अंदर से एक व्यक्ति उसका बैग उठा ले गया, जब उसे पकड़ने की कोशिश की तब वह ट्रेन से कूदकर भाग गया। बैग में बरेली के थाना कुतुबखाना के मोहल्ला ख्वाजा फिरोज निवासी मनोज रस्तोगी की 290 ग्राम सोने की अंगूठी आदि रखी थी, जो कि चोरी हो गई। भय के कारण उसने घटना की सूचना थाने पर नहीं दी थी। वह लखनऊ-बरेली वालों से माल लेकर बेचने का भी काम करता है, जिस कारण उसका कोई जीएसटी व पक्का बिल आदि नहीं मिलता है। मात्र विश्वास पर माल की खरीद और बिक्री होती है। जब उसने मनोज को अंगूठी के साथ बैग चोरी की जानकारी दी तो वह गुस्से में आ गया। उसने मनोज से लिए गए माल को उसे धीरे-धीरे अदायगी के रूप में वापस कर दिया। इसके बावजूद आरोपी ने माल की शुद्धता को लेकर विवाद की स्थिति पैदा कर दी। आरोप लगाया कि 28 मई 2022 को जब वह घर पर नहीं था, तब आरोपी अपने चार-पांच साथियों के साथ मय असलाह के घर में घुस आया और उसे जान से मारने के लिए तलाश करने लगे और परिवारीजनों को गालियां दी। आरोप लगाया कि मनोज पांच लाख रुपये रंगदारी मांग रहा है और रंगदारी लेकर ही सुलह करने की बात कर रहा है।

रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता है। पुलिस ने जब उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की, तब उसने कोर्ट की शरण ली। चौक कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## तमंचे की बट से वृद्ध को किया लहूलुहान

**रौसर कोठी, अमृत विचार:** गांव मौजमपुर में प्रधानी की रंजिश में वृद्ध के साथ मारपीट के बाद तमंचे की बट से उसका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल का मेडिकल कराया है। मामले में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। चौक कोतवाली के गांव मौजमपुर में रविवार रात करीब 9:30 बजे गांव के वीरपाल घर जा रहे थे, तभी रास्ते में मोहर सिंह, पंकज, नंदलाल, रामविलास आदि ने घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। उक्त लोग वीरपाल से प्रधानी के चुनाव को लेकर रंजिश मानते हैं। विरोध करने पर वीरपाल के साथ मारपीट की। शोर शराबा होने पर जब आसपास के लोग एकत्रित हो गए तो आरोपियों ने वृद्ध के सिर पर तमंचे की बट मार दी और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। अजीजगंज चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। घायल का मेडिकल कॉलेज में कराया गया है।


रमज़ान मुबारक

| | |
|---|---|
| उन्तीसवां रोज़ा इफ्तार 09 अप्रैल 2024 | |
| सुन्नी | 06:37 बजे |
| शिया | 06:44 बजे |
| तीसवां रोज़ा सहरी 10 अप्रैल 2024 | |
| सुन्नी | 04:23 बजे |
| शिया | 04:20 बजे |

नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।

माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद

जाकिया बेगम (प्रधान)
पत्नी
फुरकान अली
ग्राम पंचायत कटिया बुजुर्ग विकास खंड सिंधौली जनपद शाहजहांपुर



आफताब
प्रधान पुत्र

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877


## झोलाछाप के इंजेक्शन से बालक की मौत

**पुवायां, अमृत विचार:** इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद बालक की मौत हो गई। पिता ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके दस वर्षीय पुत्र किशन को खेलते समय घर में किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। उसे लेकर एक झोलाछाप के पास गए। आरोप है कि उसने गलत इंजेक्शन लगा दिया। परिजन डॉक्टर को मना करते रहे लेकिन वह नहीं माना। जिससे उसकी मौत हो गई। पिता ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

व्यवस्था

**मंडलायुक्त ने रोजा मंडी का निरीक्षण कर गेहूं खरीद की ली जानकारी, एसडीएम को जल्द से जल्द किसानों के कागजों का सत्यापन करने को कहा**

# क्रय केंद्रों पर लेबर बढ़ाने के निर्देश, समय पर हो भुगतान



रोजा मंडी में हाथ में गेहूं लेकर उसमें नमी देखतीं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल।



केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक करते उपनिबंधक राजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- क्रय केंद्र प्रभारियों के साथ बैठक कर खरीद लक्ष्य पूरा करने के निर्देश
- व्यापारियों ने डिपो पर उतार के समय वसूली का लगाया आरोप

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल सोमवार की शाम रोजा मंडी पहुंची और उन्होंने गेहूं खरीद की जानकारी लेकर खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त के आने से पहले अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों ने सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली।

मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने आरएफसी के केंद्रों के बाहर पड़े गेहूं के ढेर में से गेहूं हाथों में लेकर निरीक्षण किया। उसके बाद एजेंसियों के केंद्रो पर प्रभारी से अब तक हुई खरीद की जानकारी ली। उन्होंने केंद्र प्रभारी से पूछा कि कितने मजदूर काम करते है। यदि कम कम हो तो उन्हें बढ़ा लिया जाए। उन्होंने गेहूं खरीद में तेजी लाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि प्रत्येक केंद्र पर कम से कम पांच सौ से लेकर एक हजार क्विंटल की खरीद होनी चाहिए। मंडी के बाहर जिन केंद्रों पर आवक नहीं हो रही है, जो काम नहीं कर रहे है। ऐसे कम से कम दस केंद्रों को रोजा मंडी में स्थापित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मंडी की आवक की कम से कम पचास प्रतिशत खरीद केंद्रों पर होनी चाहिए। वहीं किसानों के कागज सत्यापन में हो रही दिक्कतों के लिए एसडीएम को जल्द से जल्द कागजों का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को भुगतान तय समय-सीमा में करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आरएफसी मणिकंडन, डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पांडेय, मंडी सचिव प्रवीण कुमार अवस्थी, केंद्र प्रभारी रामकैलाश सोनकर, आलोक भट्ट आदि मौजूद रहे।

## तिलहर मंडी में क्रय केंद्रों का उपनिबंधक ने किया निरीक्षण

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार:** सहकारी समिति बरेली मंडल के उप निबंधक राजेश कुमार सिंह ने गेहूं खरीद को लेकर मंडी में लगे क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी एवं व्यापारियों ने डिपो पर गेहूं उतार के समय दो कट्टा के हिसाब से अवैध वसूली का आरोप लगाया। निबंधक ने अवैध वसूली रोकने के लिए एआर को निर्देश दिए।

सोमवार की देर शाम नवीन गल्ला मंडी में उप निबंधक राजेश कुमार सिंह सभी सहकारी समितियों के जिला प्रबंधकों के साथ मंडी पहुंचे। उन्होंने सभी समितियों के क्रय केंद्र प्रभारी के साथ बैठक कर कहा कि अधिक से अधिक गेहूं खरीद करें, जिससे जिले का लक्ष्य पूरा किया जा सके। इसी दौरान केंद्र प्रभारियों ने आरोप लगाया कि गेहूं उतार के समय डिपो पर दो रुपये प्रति बोरा की अवैध वसूली की जा रही है। इस पर उप निबंधक राजेश कुमार सिंह ने सहायक निबंधक प्रवीण कुमार से नाराजगी जताते हुए प्रत्येक डिपो पर गेहूं उतार के समय अवैध वसूली रोकने के लिए एक और की ड्यूटी लगाए जाने के निर्देश दिए, तो वहीं उप निबंधक का सभी क्रय केंद्र प्रभारी ने खानपान के साथ गर्मजोशी के साथ स्वागत किया, जिस पर वहां मौजूद किसानों ने दबी जुबान कहा कि अधिकारियों की इतनी खातिरदारी की जा रही है, वहीं किसानों को किसी क्रय केंद्र पर पीने के पानी की व्यवस्था तक नहीं की गई है। पूछने पर कि किसानों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था क्या है, इस पर उन्होंने केंद्र प्रभारी से नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रत्येक क्रय केंद्र पर समुचित पीने के पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### दो किशोरियों ने खाया जहरीला पदार्थ

**गोला गोकर्णनाथ।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम तलफीपुर में कमलेशचंद की पुत्री अनुपम ने किसी बात से नाराज होकर घर में ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी घटना में मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम मछोहा में संतोष की पुत्री शीतल ने डांट से क्षुब्ध होकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### एक बस, छह बाइक पुलिस ने कीं सीज

**पलिया कलां।** गौरीफंटा बॉर्डर पर शनिवार की सुबह सवारियां उतार रही एक निजी बस के चालक-परिचालक व ऑटो रिक्शा चालकों में मारपीट के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने निजी बस व सवारियां ढोने में लगीं 6 बाइकों को सीज कर दिया। बताते हैं कि बाइक व ऑटो रिक्शा चालक नेपाल सीमा के गौरीफंटा बॉर्डर से बनगवां मंडी तक सवारियां लाते-ले जाते थे। प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार यादव ने बताया कि बस व छह बाइकों को सीज किया गया है।

# अंतर्जनपदीय पशु चोर गिरोह के सरगना समेत सात गिरफ्तार

## सीतापुर से चोरी कर वध करने खीरी टाउन लाए जा रहे तीन भैंस, एक पड़िया और एक पड्डा पुलिस ने किया बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सीतापुर जिले से चोरी कर खीरी टाउन लाए जा रहे तीन भैंस, एक पड़िया और एक पड्डा को बरामद कर पुलिस ने अंतर्जपदीय पशु चोर गैंग के सरगना समेत गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग लीडर सीतापुर निवासी पतरिया पर हरदोई और लखीमपुर के एसपी ने 15-15 हजार रुपये ईनाम घोषित कर रखा है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तमंचा, छूरी आदि भी बरामद की है।

एएसपी पूर्वी पवन गौतम ने बताया कि रविवार को सूचना मिली कि पशु चोर दो पिकअप में चोरी की भैंसे लहरपुर की तरफ से शारदा नहर के रास्ते बरेली की ओर ले जाने की फिराक में हैं। आईजी लखनऊ परिक्षेत्र तरुण गाबा ने लखनऊ की सर्विलांस टीम गठित कर भेजी। सर्विलांस टीम ने कोतवाली सदर, थाना खीरी और स्वॉट टीम की मदद से रामापुर पुलिस चौकी क्षेत्र में स्थित शारदा नहर पुल से पहले लगे बैरियर के पास पिकअप को रोक लिया।



पुलिस ने बरामद कीं भैंसें। • अमृत विचार



पशु चोर गैंग के बारे में जानकारी देते एएसपी पूर्वी पवन गौतम। • अमृत विचार

- गैंगलीडर पर हरदोई-खीरी पुलिस ने घोषित कर रखा है 15-15 हजार का ईनाम

अंतर्जपदीय चोर गिरोह के गैंग लीडर सलीम उर्फ मझिले उर्फ इकरारुल उर्फ पतरिया निवासी ग्राम रसूलपुर बकईया थाना सकरन, हलीम उर्फ छुटकऊ, इरफान, दिलशाद, साहिबे आलम निवासी मोहल्ला बघौरी टोला कस्बा व थाना लहरपुर, जियाउल्ल निवासी मोहल्ला सैय्यद बाडा और अरशद निवासी मोहल्ला कटरा कस्बा व थाना खीरी को गिरफ्तार कर लिया। एएसपी ने बताया कि गैंगलीडर सलीम उर्फ पतरिया शातिर अपराधी है। उस पर हत्या, चोरी, लूट डकैती के कई संगीन मामले दर्ज हैं। उस पर एसपी लखीमपुर और हरदोई ने 15-15 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर रखा था।

बदमाशों के कब्जे से तीन भैंस, एक पड़िया, एक पड्डा, दो तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर, व एक तमंचा 12 बोर, एक जिंदा कारतूस, भैंस चोरी में प्रयुक्त दो पिकअप, 06 छूरी, मोबाइल फोन व 16,600 रुपये बरामद हुए हैं। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि बरामद पशुओं में दो भैंस व एक पड्डा पांच अप्रैल की रात लहरपुर के गांव दरियापुर और एक भैंस व एक पड्डा गांव मनौरा (लहरपुर) चोरी किया था।

जिसे काटने के लिए जियाउल्ल के घर खीरी टाउन ला रहे थे। गैंग लीडर सलीम उर्फ पतरिया वर्ष 2022 में हरदोई में हुई डकैती और हत्या के मामले में फरार चल रहा था। हलीम उर्फ छुटकऊ कुछ दिन पहले ही चोरी के मामले में सीतापुर जेल से जमानत पर छूटकर आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार आरोपियों का चालान भेजा है।

### भैंस चोरी कर बरेली में करते थे बिक्री

एएसपी पवन गौतम के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह लोग भैंस, पड्डा व पड़िया चोरी करने के बाद उन्हें सूनसान जगह पर काटकर उसका मांस खीरी टाउन और लहरपुर कस्बे के आस पास बेच देते थे। जब मांग ज्यादा हो जाती थी तो भैसों को ले जाकर बरेली में मारिया स्लॉटर हाउस के मुनीम मोहम्मद शमी को बेच आते थे। गिरफ्तार आरोपियों के दो अलग-अलग गैंग हैं। दोनों गैंग के सदस्य क्षेत्र के हिसाब से बदल-बदल कर चोरी करने जाते थे।

### इन भैंस चोरी की वारदातें कबूली

पशु चोर गैंग के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने कोतवाली सदर के गांव भानपुर गौरतारा में 18 मार्च की रात दो भैसे व दो पड़िया चोरी की थी। जिन्हें काटकर खीरी टाउन कस्बे और लहरपुर में बेचा था। दो अप्रैल की रात थाना मैगलगंज के टोल प्लाजा के पास से गांव अलियापुर से एक भैस व एक पड्डा चोरी किया गया था। जिन्हें बरेली में बेच आये थे। मैगलगंज की भैंस चोरी मे सलीम, जियाउल्ल, अरशद के साथ जाबिर निवासी इन्द्रानगर थाना लहरपुर जिला सीतापुर, हरिश्चचन्द्र निवासी ग्राम रूकनूपुर खैरपुर थाना हरगांव जिला सीतापुर तथा महताब निवासी कस्बा व थाना हरगांव जिला सीतापुर शामिल थे।

### खीरी टाउन में चोरी व पुलिस मुठभेड़ में भी शामिल था पतरिया

अंतरजनपदीय पशु चोर गैंग का सरगना सलीम उर्फ पतरिया थाना व कस्बा खीरी निवासी गुड्डू गुप्ता के घर दो फरवरी की रात बदमाश घुस गए थे और लूटपाट कर रहे थे। इसी बीच पहुंची पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई थी। इस दौरान बदमाश ओमकार निवासी बेदौरा छत से फांदते वक्त गंभीर रूप से घायल हो गया था। थाना खीरी पुलिस ने नगर चौकी इंचार्ज की तहरीर पर भागे बदमाशों के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार पशु चोर गैंग का सरगना और उसके साथी भी इस घटना में शामिल थे और पुलिस पर गोली चलाते हुए मौके से भाग निकले थे।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की मौत, मचा कोहराम

**बिल्सी, अमृत विचार :** रविवार की रात उझानी-बिल्सी मार्ग पर बाइक और स्कूटी की भिड़ंत हो गई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल कंप्यूटर सेंटर संचालक अजय ने सोमवार की शाम बरेली के एक अस्पताल दम तोड़ दिया। गांव सिरासौल सीताराम पट्टी निवासी श्याम वर्मा अपनी पत्नी पारुल वर्मा को दवा दिलाकर बिल्सी नगर से वापस अपने गांव स्कूटी से लौट रहे थे। गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार प्रवीण पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम बड़नौमी और बिल्सी नगर के मोहल्ला संख्या आठ निवासी अजय सिंह (48) पुत्र चंद्रपाल सिंह शाक्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को बिल्सी सीएचसी में भर्ती कराया। अजय सिंह को हायर सेंटर बरेली के लिए रेफर कर दिया। जहां उनकी सोमवार की शाम मौत हो गई।



मृतक अजय।

# चोर पकड़ लिए तब दर्ज की चोरी की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- चार अप्रैल की रात टंकी परिसर से चोरी हुए थे 11 सोलर पैनल

**अमृत विचार:** चार दिन पहले पानी की टंकी से 550 वॉट के 11 पैनल चोरी हो गए। पुलिस ने वीडियो के आधार पर चोरों की पहचान कर उन्हें पकड़ लिया। तब रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने सभी पैनल बरामद होने का दावा किया।

थाना नीमगांव के गांव टिकोला में जल जीवन मिशन के तहत टंकी बनी है। चार अप्रैल की रात चोरों ने परिसर में लगे 550 वाट के 11 सोलर पैनल चोरी कर लिए और पिकअप में लादकर ले। खेत में फसल की रखवाली कर रहे एक किसान ने चोरी की पूरी वारदात की वीडियो बना ली। अगले दिन कार्यदायी संस्था एनआर कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मचारी प्रभू सिंह ने थाना नीमगांव पुलिस को तहरीर दी। साथ ही किसान द्वारा बनाया गया वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध कराया था, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। वह वीडियो में दिख रहे आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई। आरोपियों के पकड़े जाने और पैनल बरामद होने के बाद पुलिस ने शनिवार की रात रिपोर्ट दर्ज की। एसओ श्रद्धा सिंह ने बताया कि इस मामले में मास्टरमाइंड समेत पांच लोग पकड़े गए हैं। कुछ चोरी गए पैनल बरामद हुए हैं। अन्य पैनलों को बरामद करने की कोशिश की जा रही है।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीरा, अमृत विचार :** पुलिस ने जंगल के निकट छापा मारकर दो युवकों को असलहे बनाते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से बने-अधबने असलहे, असलहा बनाने के उपकरण आदि बरामद किए हैं।

थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि फॉरेस्ट कोठी सुंदर नगर के निकट जंगल के पास कुछ लोग अवैध शस्त्र बना रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापा मारकर सलम व सुशील कुमार निवासी भीरा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 16 तमंचे 12 कारतूस, आठ तमंचा की नाल, ड्रिल मशीन, छेनी हथौड़ा सहित अन्य उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों का चालान भेजा है।

# ईंट भट्ठा के मुनीम का शव पथेरे की झोपड़ी में मिला

संवाददाता, केशवापुर

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, तहरीर दी

**अमृत विचार:** गोला कोतवाली क्षेत्र के गोला लखीमपुर मार्ग पर ईंट भट्ठे पर मुनीम का शव संदिग्ध अवस्था में पथेरे की झोपड़ी में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।



मृतक शंकर।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुनर्भूग्रंट निवासी शंकर (36) पुत्र सुंदरलाल काफी समय से एएचसी ब्रिक फील्ड पर दैनिक मजदूरी व मुनीम का कार्य करता था। रविवार शाम को सीने में दर्द होने का कारण बताकर वह घर जाने के लिए निकला, लेकिन उसका शव संदिग्ध अवस्था में हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग निवासी पथेरे राकेश चौहान पुत्र अशर्फीलाल की झोपड़ी में पड़ा मिला। अन्य ईंट पथेरों ने शव होने की सूचना भट्ठा मैनेजर फारूक को दी। मैनेजर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# कार पर कैमिकल फेंककर टप्पेबाजी

संवाददाता, वजीरगंज/बिसौली

- डिग्री कॉलेज की प्रबंधक ने दी तहरीर, पुलिस ने खंगाली सीसीटीवी फुटेज

**अमृत विचार :** टप्पेबाजों ने दिनदहाड़े तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव मलखानपुर स्थित पंडित भूपालदास मैमोरियल डिग्री कॉलेज की प्रबंधक नीलिमा शर्मा से टप्पेबाजी कर ली। टप्पेबाजों ने प्रबंधक की कार पर कैमिकल डाला। जिसकी दुर्गंध कार में भरी तो प्रबंधक और कार चालक बाहर आ गए। इसी दौरान टप्पेबाजों ने कार में रखी नगदी और जेवरात पार कर लिए। कार से बैग गायब होने पर प्रबंधक ने शोर मचाया। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की है। पीड़िता की ओर से तहरीर दी गई है।

बिसौली क्षेत्र के मोहल्ला बुद्ध बाजार निवासी उद्योगपति पंडित रामनिवास शर्मा की पुत्रवधु नीलिमा शर्मा डिग्री कॉलेज की प्रबंधक हैं।



घटना की जानकारी देतीं कॉलेज की प्रबंधक नीलिमा शर्मा।

सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे वह अपने मायके बरेली से वापस लौटकर घर जा रही थीं। वजीरगंज कस्बा के बस स्टैंड पर पहुंचीं। किसी ने उनकी कार पर केमिकल फेंक दिया। शीशे खुले थे, जिसके चलते कुछ ही देर में कार में अजीब से दुर्गंध आने लगी। चालक ने कार रोकी और बोनट खोकर देखा। इसी दौरान नीलिमा शर्मा को दुर्गंध की वजह से उल्टी हो गई। वह कार से बाहर उतर आईं। चालक ने देखा तो कार के बोनट पर कैमिकल जैसा कोई पदार्थ पड़ा था। कुछ देर के बाद दुर्गंध कम हो गई तो नीलिमा शर्मा वापस कार में जाकर बैठ गईं। उन्होंने देखा कि कार से उनका बैग गायब था। बैग में सोने की दो अंगूठी, सोने की दो तोला की चैन, 50 हजार रुपये, बेटी की मौत संबंधी प्रमाण पत्र और कुछ जरूरी कागजात थे। उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## छत्तीसगढ़ में डकैती डालने का आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** छत्तीसगढ़ में फरवरी में डकैती के मामले में वहां की पुलिस ने सोमवार को दबिश देकर एक आरोपी को पकड़ लिया।

छत्तीसगढ़ के जिला बालोद के दो घरों में फरवरी में 20 लाख रुपये की डकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की थी। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान की। दो बदमाश बदायूं के होने की जानकारी मिली। जिसके चलते वहां के उपनिरीक्षक जोगेंद्र साहू ने सोमवार को पुलिस टीम के साथ कस्बा ककराला और उसहैत क्षेत्र में दबिश दी। कस्बा ककराला से पप्पू नाम के युवक को हिरासत में लिया। जिसके बाद उहसैत क्षेत्र के गांव सरेली निवासी दूसरे आरोपी बाबू की तलाश में दबिश दी लेकिन वह पुलिस के हत्थे नहीं आया। बालोद पुलिस आरोपी पप्पू को लेकर चली गई।

### युवक गिरफ्तार, 850 ग्राम गांजा बरामद

**रोशननगर।** थानाध्यक्ष हैदराबाद दीपक तिवारी ने बताया कि पुलिस ने ग्राम अजान में बाबूजी के बाग के निकट अजान निवासी पिंकू को गिरफ्तार किया है। उसके पास 850 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।




# श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

संवाददाता, पूरनपुर

- पूरनपुर के सिरसा जंगल मार्ग पर गोमती पुल के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार:** सिरसा जंगल मार्ग पर गोमती पुल के पास श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्राली बाइक से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बाइक सवार समेत दो की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने लोगों की मदद से बचाव कार्य कर घायलों को सीएचसी भिजवाया। हादसे के बाद परिजन पहुंचे तो कोहराम मच गया।

सिरसा जंगल में स्थित इकोत्तर नाथ मंदिर में अमावस्या के दिन मेला लगाता है। सोमवार दोपहर करीब 12 बजे थाना घुंघचाई क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा निवासी हरिओम वर्मा ट्रैक्टर-ट्राली लेकर मंदिर परिसर में लगा मेला देखने जा रहे थे। उनके साथ टैक्टर-ट्रॉली में 20 लोग सवार थे। उधर, दिलावरपुर गांव निवासी शिवम (18) पुत्र रामदेव बाइक पर मेला जा रहा था। साथ में उनकी चचेरी बहन सुमन पुत्री राजाराम, भाभी सोनी पत्नी धर्मपाल, उनके बेटे अन्नू व रितिक बाइक पर सवार थे। रास्ते में गांव गुलड़िया भूप सिंह से सिरसा जंगल जाने वाले मार्ग पर गोमती पुल के नजदीक पहुंचने पर ओवरटेक करते वक्त बाइक और ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर खेत में पलट गई। इससे मौके पर चीख पुकार मच गई। कुछ ही देर में राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर जा पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सीएचसी पूरनपुर भिजवाया। जहां ट्राली में सवार 17 वर्षीय विशाल पुत्र छोटेलाल और बाइक चालक शिवम को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक सवार चार लोग और ट्रैक्टर चालक का सीएचसी में इलाज किया गया। ट्राली सवार अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतकों के परिवार वाले सीएचसी जा पहुंचे, जिससे कोहराम मच गया।



हादसे के बाद विलाप करते मृतक शिवम के परिवार की महिलाएं।



हादसे के बाद मौके पर पड़े ट्रैक्टर-ट्राली।

## ओवरटेक करते भिड़ीं दो बसें, पांच घायल

**कादरचौक, अमृत विचार :** ओवरटेक करने के प्रयास में बरेली डिपो की रोडवेज बस टनकपुर डिपो की रोडवेज बस में पीछे से जा घुसी। दोनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में पांच यात्री घायल हो गए। सोमवार सुबह बरेली और टनकपुर डिपो की दो रोडवेज बसें यात्रियों को लेकर कादरचौक की ओर से बदायूं की ओर जा रही थीं। सुबह लगभग सवा आठ बजे टनकपुर की बस गांव असरासी के पास पहुंची। इसी दौरान बरेली की रोडवेज बस ने उसे ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान सामने से एक वाहन आ गया। टनकपुर डिपो की बस ने वाहन चालक को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगा दिए। जिसके चलते ओवरटेक करने की कोशिश कर रही बरेली डिपो की बस पीछे से जा घुसी। हादसे में बरेली की बस में सवार बरेली के भोजीपुरा के गांव पट्टी निवासी साजिद, ककराला के इकरार, जीशान समेत पांच यात्री घायल हो गए। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने पांचों घायलों को कादरचौक सीएचसी भेजा।

# घर में घुसकर महिला पर हमला, छेड़छाड़ का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके घर के पड़ोस में रहने वाले डोरी लाल, किशोरी लाल, विनीत, अनिल, सुधीर कच्ची शराब तोड़कर बेचते हैं। शराब पीकर उनके घर के सामने शोर मचाते हैं। महिला ने कई बार उन्हें चेतावनी दी कि शोर किया तो पुलिस से शिकायत कर देगी। जिसकी वजह से वह लोग महिला और उसके परिजनों से रंजिश रखते हैं।

आरोप है कि पिछले साल 11 अक्टूबर को सुबह लगभग 8 बजे विनीत, अनिल, सुधीर उसके घर के सामने खड़े होकर गाली देने लगे। उसने विरोध किया तो वह और उनके साथ डोरी लाल, किशोरी लाल और शकुंतला देवी लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और पीटना शुरू कर दिया। आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की।

बचाने के लिए उसका बेटा आया तो आरोपियों ने डंडा मारकर उसका हाथ तोड़ दिया। शोर सुनकर पड़ोसी एकत्र हो गए।

### बकरी चराने गए बच्चे को खेत स्वामी ने पीटा

**कादरचौक।** कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज निवासी गुलाब खान का 11 वर्षीय पुत्र साहिब खान सोमवार को बकरियां चराने मोहम्मदगंज नदी के पास गया। आरोप है कि ककराला निवासी एक व्यक्ति का वहीं पर खेत है। खेत स्वामी ने साहिब खान को वहां से बकरी ले जाने को कहा, जब साहिब खान बकरी नहीं ले गया तो खेत मालिक ने उसे पीट दिया जिससे साहिब खान को चोटें आयी हैं। पीड़ित बच्चे ने घर पर आकर अपने पिता को जब घटना के बारे में बताया जिस पर गुलाब खान ने थाने में आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है।

## दोस्त की मां के इलाज के बहाने ठगे 1.90 लाख रुपये

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** साइबर जालसाजों ने रिश्तेदार बताकर दोस्त की मां के इलाज के बहाने एक युवक से एक लाख 90 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

गांव बरौला निवासी कुलदीप सिंह ने बताया कि चार महीने पहले उनके मोबाइल पर एक व्हाट्सएप कॉल आई थी। कॉलर ने अपने आप को उनका रिश्तेदार बताया और दोस्त की माता के बीमार होने का झांसा दिया। उसने झांसे में आकर 31 जनवरी 2024 को 1,90,000 रुपये ट्रांसफर कर दिये। उन्होंने कॉलर को इसकी जानकारी भी दी तो वह 50,000 रुपए और भेजने का दबाव बनाने लगा। तब उसे ठगी होने की आशंका हुआ। उन्होंने अज्ञात के खिलाफ थाना साइबर पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाघों में हिंसा का कारण जानने आई वाइल्ड लाइफ की टीम



कोरैंया गांव के पास ग्रामीणों से जानकारी करती वाइल्ड लाइफ की टीम।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** जंगल छोड़कर आबादी के निकट रह रहे बाघ हिंसक हो रहे हैं, जिन्होंने क्षेत्र में कई लोगों पर हमला कर छुट्टा पशुओं को निवाला तक बनाया है। सोमवार को वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीम ने कोरैया समेत कई गांव का भ्रमणकर जानकारी एकत्र की, जिसकी रिपोर्ट वह वन विभाग के अधिकारियों को भेजेंगे।

रविवार को बाघ ने तीन लोगों को घायल कर दिया था। वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट ऑफ़ इंडिया (डब्लयूटीआई) के लीगल एडवाइजर जीपी सिंह, सोशियोलॉजिस्ट श्रुति सिंह चौहान ने अपनी टीम और दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय बिस्वाल, रेंजर संजीव कुमार तिवारी के साथ सोमवार को घटना स्थल देखा। टीम ने उसके बाद इमलिया कोठी, जार का भी निरीक्षण किया। यहां भी पिछले हफ्ते एक युवक को बाघ ने घायल कर दिया था। टीम ने यह जानने का प्रयास किया कि आखिर बाघ जंगल छोड़कर खेतों और मैदाने में क्यों आकर हिंसक हो रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी विवाहित पुत्री ब्रोनिका स्पैनसर को जालसाजी, गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। निब्यूलस स्पैनसर निवासी 161 फाईक एन्क्लेव, पीलीभीत बाईपास रोड, जिला बरेली।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अयान खान को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **गुड्डू खान पुत्र नियाज हुसैन निवासी केशवापुर पोस्ट भल्लिया बुजुर्ग थाना गोला जिला खीरी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे शैक्षिक अभिलेखों में त्रुटिवश मेरा नाम Jaspreet Kaur Monga दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Jaspreet Kaur है। भविष्य में मुझे Jaspreet Kaur नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **जसप्रीत कौर पुत्री गुरूशरन सिंह निवासी हुण्डाल खेल तह. सदर जिला शाहजहाँपुर**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र गंगाप्रसाद को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता न होगा। **महेन्द्र पाल पुत्र सुखलाल निवासी ग्राम पिपरिया तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**

देवकी उपाध्याय उर्फ दीपा उपाध्याय पत्नी स्व.शिवदत्त उपाध्याय को दोनों नामों से जाना जाता है और दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। **निवासी 914 पीलीभीत बायपास रोड, राज नगर कॉलोनी बरेली पोस्ट - शामतगंज उत्तर प्रदेश 243005।**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

